राधा बन गई न्यायधीश

राधा बन गई न्यायधीश और ललिता कप्तान
के पकड़े गए कृष्ण भगवान ॥

एकदिना ग्वालिन घर जाकर माखन खाने लगे चुराकर,
जग पडी़ वो चतुर गुजरियां पकड़ लिए दोइ कान,
पकड़े गए कृष्ण भगवान ......

माखन खाने लगे मुरारी अब ना चोरी करूं तुम्हारी,
एक बात न सुनी ललिता ने तुरत किया चालान,
पकड़े गए कृष्ण भगवान ...

नन्द बाबा की खोरी जाकर मुजरिम पेश किया है लाकर
कहे विधाता सुन मेरी मैया बहुत किया नुकसान
पकड़े गए कृष्ण भगवान.....

करी वकालत जब मनसुख ने झूठा केस किया है इसने
कहे विधाता सुन मेरी मैया मैं बालक नादान,
के छोड़े गए कृष्ण भगवान ....

द्वारा :योगेश तिवारी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7283/title/radha-ban-gai-nyayedees-or-lalita-bni-kaptaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |